>

Title: Need to set up a Mega Food Park in Meerut Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सरकार ने मेगा फूड पार्कों की योजना बनायी है। अभी 15 फूड पार्क प्रस्तावित है। जैसा कि बताया गया है कि इन फूड पार्कों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण के लिए बुनियादी सुविधाएं निर्माण करना है। सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण के वर्तमान 6 प्रतिशत के स्तर को 2015 तक 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हापुड़ तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में आलू का उत्पादन होता है। मेरठ-बागपत-ज्योतिबा फूले नगर-बुलंदशहर जनपदों में हापुड़ के चारों ओर फलों की बेल्ट है। यह मेरे क्षेत्र का सौभाग्य है कि किसानों की जीवन भर लड़ाई वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौ0 चरण सिंह का जन्म स्थान मेरे चुनाव क्षेत्र में हापुड़ के निकटनूरपूर मढ़ैया नामक गांव में हुआ है। यह गांव हापुड़-गढ़ रोड राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 24 पर बाबूगढ़ छावनी से मात्र 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

मेरा इस संबंध में सरकार से अनुरोध है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह की स्मृति में उनके जन्म स्थान पर अथवा उसके निकट किसी सुविधापूर्ण स्थान पर एक मेगा फूड पार्क का निर्माण किया जाये जिसमें खाद्य प्रसंस्करण के संबंध में राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक अनुसंधान केंद्र भी हो ताकि आलू तथा विभिन्न फलों के प्रसंस्करण में किसानों को मदद मिल सके। किसानों को लाभ हो तथा नये रोजगार का भी निर्माण हो।